दिन–शनिवार दिनांक– 02/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। यह मुलाकात पटना स्थित सात, सर्कुलर रोड पर नीतीश कुमार के नए आवास पर हुई। लगभग आधे घंटे तक चली इस बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद रहे। हालांकि, मुलाकात को औपचारिक बताया गया है, लेकिन इसे कैबिनेट विस्तार से जोड़कर देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जल्द ही संभावित मंत्रियों की सूची लेकर दिल्ली जा सकते हैं, जहां पार्टी नेतृत्व के साथ अंतिम चर्चा के बाद कैबिनेट विस्तार को हरी झंडी मिल सकती है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की थी।

———————————————

प्रदेश में जनगणना दो हजार सत्ताईस का पहला चरण आज शुरू हो गया। राज्य भर में घरों की सूची बनाने और आवास गणना के साथ यह प्रक्रिया आरंभ की गई है। स्व–गणना के लिए दी गई पंद्रह दिन की पूर्व सूचना अवधि कल समाप्त हो गयी थी। गृह मंत्रालय के अनुसार, घर–घर जाकर गणना और आवासों की गिनती की प्रक्रिया तीस मई तक जारी रहेगी। इस दौरान प्रशिक्षित गणनाकर्ता घर–घर जाकर आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे। जो नागरिक स्वयं यह प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके हैं, उनके विवरण अब गणनाकर्ताओं द्वारा घर–घर जाकर दर्ज किए जाएंगे। जनगणना दो हजार सत्ताईस का दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाना है।

———————————————

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए चार संसदीय समितियों का पुनर्गठन किया है। लोकसभा से भाजपा सांसद डॉ. संजय जायसवाल को लोकसभा के तीस सदस्यों वाली अनुमान समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लोकसभा के पंद्रह और राज्यसभा के सात सदस्यों वाली लोक उपक्रम समिति की अध्यक्षता भाजपा सांसद बैजयंत पांडा करेंगे। लोकसभा से कांग्रेस सांसद, के.सी. वेणुगोपाल को लोक लेखा समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, अनुसूचित

जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति की अध्यक्षता लोकसभा में भाजपा सांसद, फग्गन सिंह कुलस्ते करेंगे। इन समितियों का कार्यकाल अगले वर्ष तीस अप्रैल तक रहेगा।

——————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव चंचल कुमार ने आज पटना में बिहार और झारखंड की विभिन्न मीडिया इकाईयों की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में पत्र सूचना कार्यालय, केंद्रीय संचार ब्यूरो, आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में श्री कुमार ने सभी मीडिया इकाईयों को बेहतर समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी मीडिया इकाईयों को डिजिटल मीडिया तकनीक का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करते हुए अपनी क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए।

——————————————————————

केंद्र सरकार ने स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हुए नागरिकों को आपदा की तत्काल सूचना देने के लिए सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम शुरू किया है। इस प्रणाली का परीक्षण करने के लिए आज दोपहर करीब बारह बजे नागरिकों के मोबाइल पर सायरन के साथ एक सूचना भेजी गई। परीक्षण के दौरान संदेश में लिखा था – सतर्क नागरिक, सुरक्षित राष्ट्र। यह संदेश केवल परीक्षण के लिए था। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि इसे दूरसंचार विभाग ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से विकसित किया है। श्री सिंधिया ने कहा कि भविष्य में, इसी प्रणाली के माध्यम से, आपदा या आपात स्थिति में स्थानीय भाषा में और स्थान के अनुसार तत्काल अलर्ट भेजे जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल नागरिकों की सुरक्षा को और मजबूत करने और आपदाओं के दौरान त्वरित सूचना देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

——————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।